खंड 30

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

आशा करती हूँ आपका सप्ताह अच्छा व्यतीत हुआ होगा। मार्च की समाप्ति के साथ ही मैं DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) द्वारा सफलतापूर्वक फिर से स्कूल खोलने के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर बहुत खुश हूँ। मुझे हमारे सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ पर गर्व है जो हाइब्रिड शिक्षा के आयोजन को सुचारु बनाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं।

29 मार्च से शेष वर्ष के लिए हमारे स्कूलों में सभी ग्रेड स्तर (कोहॉर्ट A और B) इस परिवर्तन को अपना लेंगे। मुझे विश्वास है कि सभी लोग इस आगामी परिवर्तन को सुरक्षित और सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

## नए CDC दिशानिर्देश

हमारे स्कूलों को सुरक्षित बनाए रखने और संक्रमण को सीमित बनाए रखने के लिए, हमें रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) के निम्नलिखित दिशानिर्देशों को याद रखना चाहिए। CDC ने अपने K-12 स्कूल दिशानिर्देशों में बदलाव कर कक्षाओं में विद्यार्थियों के बीच शारीरिक दूरी के ऊपर नई वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराई। अब CDC की अनुशंसा है कि सभी विद्यार्थी कक्षाओं में मास्क पहने रखने के साथ ही कम से कम 3 फीट की दूरी बना कर रखेंगे।

जैसा कि मैं हमेशा से कहती आ रही हूँ, DCSD वैज्ञानिक जानकारी का पालन करते हुए CDC द्वारा अनुशंसित शमन रणनीतियों को लागू करेगा, जिससे कि स्कूलों में सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वसंत ऋतु की छुट्टियाँ नज़दीक आने के साथ ही, मैं हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ और परिवारों को प्रोत्साहित करना चाहती हूँ कि वे स्कूलों के बाहर भी इन शमन रणनीतियों का पालन जारी रखें। मुझे आशा है कि DeKalb काउंटी समुदाय में COVID-19 की संख्या को कम रखने में सहायता के लिए सभी अपना योगदान देंगे।

## COVID-19 टीका

वैसे तो डिस्ट्रिक्ट में CDC के शमन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए हमारे स्कूलों को सुरक्षित और संक्रमण को सीमित रखने का काम जारी है, लेकिन DCSD भी हमारे स्टाफ को COVID-19 परीक्षण और टीका लगवाने का अवसर दे रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि DeKalb काउंटी स्वास्थ्य बोर्ड (DCBOH) और अन्य स्वास्थ्य भागीदारों की सहायता से, DCSD ने राज्य द्वारा 1b कर्मचारियों के लिए आरंभ की योजना के बाद से 1,704 कर्मचारियों को टीके लगाए हैं।

डिस्ट्रिक्ट कर्मचारियों को DCSD के प्रशासनिक और अनुदेशात्मक परिसर, St. Phillips AME चर्च और Briarcliff फार्मेसी में टीके लगाए गए हैं। DCSD की प्रशिक्षित नर्सों ने 20 मार्च को प्रशासनिक और अनुदेशात्मक परिसर  में हमारे टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान कुछ कर्मचारियों को टीके लगाए।

टीके लगाने के लिए DCSD DCBOH, Walgreens और Briarcliff फार्मेसी के साथ भागीदारी जारी रखेगा। हम 16 वर्ष और उससे अधिक आयु के कर्मचारियों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे DCBOH, स्थानीय फार्मेसियों, या उनके चिकित्सकों के जरिए टीके लगवाने के अन्य अवसरों की तलाश करें।

## बोनस

कल, राज्य शिक्षा बोर्ड ने राज्य स्कूल अधीक्षक Richard Woods की इस अनुशंसा को मंजूरी दी कि प्रत्येक K-12 पब्लिक स्कूल शिक्षक और अन्य शिक्षा समर्थन कर्मचारी को $1,000 का एक बार भुगतान प्रदान करने के लिए Georgia संघीय प्रोत्साहन निधि का उपयोग करे।

यह बोनस शिक्षकों और शिक्षा समर्थन स्टाफ को दिया जा रहा है जिससे कि वे इन महत्वपूर्ण पदों पर बने रहें और साथ ही यह बोनस COVID-19 महामारी के दौरान उनके कार्य और बलिदान के प्रति आभार है।

DCSD द्वारा अपने कर्मचारियों और हमारे विद्यार्थियों की सहायता मेन उनके योगदान को महत्व दिया जाता है। अगले माह बोनस वितरण के जरिए आभार प्रकट करने की मुझे खुशी से प्रतीक्षा रहेगी।

## रेफ़्यूजी संगठन बैठक

मैं उन आठ रेफ़्यूजी संगठनों को धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने पिछले सप्ताह मुझसे और मेरी टीम से मुलाक़ात कर DCSD को उत्कृष्टता के नए मानकों तक ले जाने की हमारी परिकल्पना की जानकारी ली। इस अवसर पर मैंने हमारे नए अमरीकी परिवारों की सहायता में जुटे इस असाधारण समुदाय के विचारों, सुझावों, आशाओं और जरूरतों को भी सुना।

हमारे स्कूल डिस्ट्रिक्ट के प्रभावी संचालन के लिए हमारे हितधारक महत्वपूर्ण हैं। अविरल संचार ज़रूरी होता है। हितधारक सहभागिता का स्वागत करना और उसे स्वीकार करना ज़रूरी होता है। भरोसे के समुदाय के निर्माण वास्ते, हम विद्यार्थियों की सफलता के हमारे उद्देश्य से संगत बाहरी समर्थकों के साथ पारदर्शिता रखने, और बेहतरीन सुविधाएं देने का वादा करते हैं।

## MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम

जैसा कि मैंने पिछले सप्ताह के न्यूज़लेटर में उल्लेख किया था, DCSD द्वारा इन गर्मियों के दौरान MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम की पेशकश की जाएगी। MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम हमारे स्कूल डिस्ट्रिक्ट की शिक्षा के महत्वपूर्ण अंगों – हमारे विद्यार्थियों, हमारे शिक्षकों, और पढ़ाए और सिखाए जा रहे पाठ्यक्रम का समर्थन सुधार, गति,

संवर्धन और सामाजिक भावनात्मक शिक्षा के जरिए करता है। हमारा लक्ष्य है अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों, विकलांग विद्यार्थियों, और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना।

| **कार्यक्रम** | **दर्शक** | **कार्यक्रम तिथि** | **प्रारूप** |
|---|---|---|---|
| FLEX रीस्टोर | केवल HS पाठ्यक्रम पढ़ने वाले 8वीं ग्रेड के विद्यार्थी और ग्रेड 9-12 | 1 जून – 17 जून | डिस्ट्रिक्ट वर्चुअल |
| FLEX अहेड | सीनियर | 1 जून – 24 जून | डिस्ट्रिक्ट वर्चुअल |
| हाई स्कूल क्रेडिट रिकवरी | केवल HS पाठ्यक्रम पढ़ने वाले 8वीं ग्रेड के विद्यार्थी और ग्रेड 9-12 | 1 जून – 30 जून (भिन्न) | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| AP ब्रिज कैंप | ग्रेड 9-12 | जुलाई का पहला सप्ताह | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| समर ब्रिज कैंप | 6ठी और 9वीं कक्षाओं में प्रवेश कर रहे विद्यार्थी | जुलाई (भिन्न) | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| विशेष शिक्षा ESY | विशेष शिक्षा विद्यार्थी (प्री-K-12) | 7 जून – 16 जुलाई | डिस्ट्रिक्ट मिश्रित |
| स्कॉलर्स एकेडमी | ग्रेड 3-8 | 7 जून – 16 जुलाई | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| सेरेंडीपिटी | ग्रेड 1-6 | जून | डिस्ट्रिक्ट वर्चुअल |
| टाइटल I संवर्धन कार्यक्रम | ग्रेड K-12 लर्निंग बैकपैक | जुलाई | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| लिटरसी कैंप | ग्रेड K-12 | 7 जून – 30 जून | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| माय ब्रदर्स कीपर | MBK विद्यार्थी | 28 जून – 02 जुलाई 2021 | डिस्ट्रिक्ट मिश्रित |
| एविएशन कैंप | ग्रेड 4-6 | 21 जून – 02 जुलाई 2021 | डिस्ट्रिक्ट मिश्रित |
| STEM इज़ LIT | ग्रेड 6-8 | 19 जुलाई – 29 जुलाई, 2021 | मिश्रित |
| CTAE संवर्धन | भिन्न | जून/जुलाई | मिश्रित |
| लर्निंग बैकपैक (साक्षरता संवर्धन) | ग्रेड प्री-K से 2 | जून - जुलाई | घर |

अस्वीकरण: संवर्धन, सुधार, क्रेडिट रिकवरी, और गति के लिए गर्मियों के दौरान शिक्षा के अवसर राज्य, स्थानीय, और डिस्ट्रिक्ट को COVID-19 से संबंधित ताज़ा स्वास्थ्य परामर्श पर निर्भर करते हैं। तिथियों में बदलाव किया जा सकता है।

नोट:

- आमने-सामने के कार्यक्रम पॉड में शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच 1:15 के अनुपात में प्रदान किए जाएंगे।
- मिश्रित कार्यक्रमों में वर्चुअल और आमने-सामने के सत्र शामिल किए जाएंगे।

**ताज़ा जानकारी की तिथि: 26 मार्च, 2021**

आमने-सामने, मिश्रित और वर्चुअल शिक्षा के जरिए विद्यार्थी शिक्षक द्वारा दिए अनुदेश और इच्छानुरूप विद्यार्थियों के लिए निर्देशित सबक से लाभ पाएंगे। विद्यार्थियों को प्रामाणिक, आकर्षक, और सार्थक अनुभव प्राप्त होगा।

ग्रीष्म कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण से जुड़ी जानकारी 19 अप्रैल, 2021 को जारी की जाएगी।

2021-2022 स्कूल वर्ष

डिस्ट्रिक्ट द्वारा 2021-2022 स्कूल वर्ष की तैयारी करने के साथ ही हम अपने विद्यार्थियों की अकादमिक, सामाजिक, भावनात्मक, और व्यवहार से जुड़ी जरूरतों पर विचार कर रहे हैं। यह ज़रूरी है कि हम विद्यार्थियों से प्राप्त परिणाम पर ध्यान लगाएं और अगले वर्ष व्यक्तिगत शिक्षा के विकल्पों की योजना बनाएं। हम मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक विकल्प के तौर पर वर्चुअल दूरस्थ शिक्षा की पेशकश वास्ते FLEX एकेडमी का भी विस्तार कर रहे हैं। यदि कोई परिवार वर्चुअल शिक्षा का चयन करता है, तो हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि विद्यार्थी तुल्यकालिक (शिक्षक द्वारा लाइव प्रत्यक्ष अनुदेश) और अतुल्यकालिक (शिक्षक द्वारा वास्तविक समय में अनुदेश के बिना ऑनलाइन) शिक्षा में पूरे मन से पढ़ाई करता हो।

डिस्ट्रिक्ट अगले वर्ष की योजना बनाते समय आपके विचार जानने के लिए अप्रैल में टाउन हॉल आयोजित करेगा।

किड्ज़-डॉक-ऑन-व्हील्स/फील्ड डे

मुझे किड्ज़-डॉक-ऑन-व्हील्स के Dr. Lynette Wilson-Phillips और एलीमेंटरी स्कूल में उनकी टीम से आज मुलाक़ात करने का अवसर प्राप्त हुआ। किड्ज़-डॉक-ऑन-व्हील्स का मिशन है बच्चों के समुदायों के साथ-साथ उनके दैनिक प्रमुख स्थान – स्कूल में बढ़िया गुणवत्ता वाली और विस्तृत बाल चिकित्सा अधिक रूप से प्रदान करना। इस भागीदारी के लिए हम किड्ज़-डॉक-ऑन-व्हील्स का धन्यवाद करते हैं! उनका टेलीमेडिसिन मॉडल हमारे विद्यार्थियों को स्कूल को स्वस्थ और पढ़ने योग्य बनाने में सहायता करता है!

मुझे Fairington में कुछ कक्षाओं में बैठ कर उनके कामकाज को देखने का अवसर मिला। मुझे यह देख कर बहुत खुशी हुई कि शिक्षक और विद्यार्थी किस प्रकार से पूरी लगन से पढ़ाई कर रहे थे। मैं प्रिंसिपल Dr. Walter Burke का धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने मुझे अपने स्कूल में आमंत्रित किया। मैं क्षेत्रीय अधीक्षक Dr. Triscilla Weaver का हमारे विद्यार्थियों के प्रति समर्पण दिखाने के लिए भी धन्यवाद करना चाहती हूँ।

कृपया अपनी और एक दूसरे की देखभाल करना जारी रखें।

भवदीय,

Mrs. Cheryl Watson-Harris